दिनांकः 15.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज भीलवाड़ा जिले के दौरे पर–कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास में नवाचार के लिए आज नई दिल्ली में उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह आयोजित।
- राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के सिलसिले में आज से कार्यक्रमों की शुरूआत हो रही है।
- प्रदेश में दो–तीन दिन में तापमान में और बढ़ोतरी होने तथा हीटवेव चलने की आशंका।

000

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज भीलवाडा जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे शहर के हमीरगढ ग्रोथ सेंटर में टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा श्री सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कल दक्षिणी पश्चिमी कमांड के 21 वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान इस कमांड द्वारा देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे सैन्य कार्यों की सराहना की। श्री बागडे ने कहा कि सेना के कमांडो अपने लिए नहीं देश के लिए लड़ते हैं। सैनिक हमारे देश की सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं हैं, वे त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं।
राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में शिरकत की। उन्होंने सभी से विकसित भारत के संकल्प के लिए सबको मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को दिए जाने पर भी जोर दिया।

000

बीकानेर के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज मनाया जा रहा है। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में होने वाले इस समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे शिरकत करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने बताया कि राज्यपाल 433 स्नातक उपाधियां, 71 स्नातकोत्तर और 11 विद्यावाचस्पति उपाधियां प्रदान करेंगे।
वहीं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 8 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक दिये जाएंगे। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत भी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

000

राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 समारोह आज नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस पुरस्कार का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास में नवाचारी कार्य प्रणालियों को प्रोत्साहित करना और पेशेवर उत्कृष्टता को मान्यता देना है। यह पुरस्कार देश की उन्नत राजमार्ग परिसंपत्तियों के रखरखाव और उनके निर्माण में योगदान को सम्मानित करता है। एक दिन के इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ, राजमार्ग निर्माण में उभरती प्रौद्योगिकियों, पहाडी तराई क्षेत्रों में अवसंरचना विकास जैसे मुख्य विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए चर्चाएं करेंगे। इसके साथ ही भारतीय विनिर्माण कंपनियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढावा दिया जायेगा।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय तथा सभी अधीनस्थ अदलातों में आज से समय बदल गया है। रजिस्ट्रार शैलेन्द्र व्यास ने बताया कि उच्च न्यायालय का समय सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक और कार्यालय का समय सुबह साढे सात बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है। अधीनस्थ

अदालतों में न्यायालय का समय सुबह आठ बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक रहेगा। अदालतों का परिवर्तित समय 27 जून तक जारी रहेगा।

000

राजस्थान पुलिस के 76वें स्थापना दिवस के सिलसिले में आज से कार्यक्रमों की शुरूआत हो रही है। तीन दिन तक चलने वाले इन कार्यक्रमों की कड़ी में आज पहले दिन जयपुर में पुलिस अकादमी परिसर में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। वहीं विभिन्न जिलों में भी रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। शाम को जिला पुलिस लाईन, आरएसी बटालियन मुख्यालय और प्रशिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा खेलकूद, वाद–विवाद, कविता वाचन और नृत्य प्रतियोगिता भी रखी गई है।

कल आरपीए में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। वे उत्कृष्ट कार्य के लिए 40 पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन और पुलिस बैंड की प्रस्तुतियां होंगी। बच्चों को पुलिस थानों का भ्रमण कराकर पुलिस सेवा की जानकारी दी जाएगी। 17 अप्रेल को राजस्थान पुलिस अकादमी में नए आपराधिक कानूनों के संबंध में कार्यशाला रखी जाएगी। इसमें विशेषज्ञ, कानूनों के कार्यान्वयन और चुनौतियों पर विचार विमर्श करेंगे।

000

धौलपुर जिला आज अपना 44वां स्थापना दिवस मना रहा है। वर्ष 1982 में आज ही के दिन धौलपुर राज्य का 27वां जिला घोषित किया गया था। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज कई कार्यक्रम हो रहे हैं।

............

उधर, बीकानेर जिला 25 अप्रेल को अपना स्थापना दिवस मनाएगा। इस सिलसिले में कल से कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। कल बीकानेर की खास परम्परागत कला चंदा, साफा और पगड़ी से संबंधित कार्यशाला रखी गई। दो दिन की इस कार्यशाला के माध्यम से युवा पीढ़ी को परम्पराओं की जानकारी दी जा रही है।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। 45 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाड़मेर जिले में सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार ये तापमान सामान्य से 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं 14 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 2–3 दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढोतरी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने तथा कई भागों में हीटवेव चलने की आशंका है।

.............

000

जैसलमेर और पोकरण में गर्मी के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं। इसके साथ ही लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। जलदाय विभाग के अभियंता निरंजन मीणा ने बताया कि विभागीय अधिकारी क्षेत्रों में जाकर लोगों से पानी का सोच समझ कर उपयोग करने की अपील कर रहे हैं।

...........

बीकानेर में भी पेयजल प्रबंधन के लिए अधिकारियों को प्रो–एक्टिव मोड पर काम करने के निर्देश दिये गए हैं। संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी उपखंड अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गर्मी के दौरान पेयजल प्रबंधन सहित लू और तापघात के मद्देनजर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

000

राजस्थान पुलिस के विभिन्न जिला, यूनिट और बटालियन में 9 हजार 617 खाली पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 28 अप्रेल से शुरू होगी। इनमें कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैण्ड और पुलिस दूरसंचार में ऑपरेटर के पद शामिल हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख 17 मई है।

000